>

Title: Need to construct a dam on river Ghaghar in Bikaner District in Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर दिलाना चाहता हूं। मैं राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। उससे ऊपर की तरफ हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और पंजाब का एरिया पड़ता है। हमारे यहां घग्घर नदी की बाढ़ आई हुई है। पहाड़ी एरिये में जब बर्फ पिघलती है, तो वह पानी, नदी के रूप में प्रवाहित होता है और कभी-कभी, तीन, चार या पांच सालों में बाढ़ आती है। अब उस बाढ़ से बहुत लोग प्रभावित हो रहे हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में यह बात भी लाना चाहता हूं कि यह पानी पाकिस्तान जाता है और पाकिस्तान, भारत सरकार से मुआवजा भी लेता है कि घग्घर नदी का पानी हमारे यहां तबाही मचा गया तथा दूसरी ओर वह बांध बनाकर इस पानी का यूज़ भी कर रहा है।

महोदय, जहां मेरा इलाका है, जिसमें नहरें बनी हुई हैं जैसे अनूपगढ़ ब्रांच बनी हुई है और ब्रांचें बनी हुई हैं। इनमें अनूपगढ़, घड़साना, रावड़ा, 365 हैड, खाजूवाला और पूगल आदि आते हैं, उनमें नहरें बनी हुई हैं, लेकिन यदि अनूपगढ़ के पास बिंजौर में बांध बनाकर इस नदी के पानी को रोक दिया जाए, तो एक तो पाकिस्तान को जो मुआवजा भारत को देना पड़ता है, वह नहीं देना पड़ेगा और दूसरी ओर उस एरिया में नहरी पानी के लिए जो आंदोलन होते हैं, वे नहीं होंगे। वहां पानी के लिए लोग लॉ-एंड-ऑर्डर को अपने हाथ में लेते हैं, उससे भी हम बच जाएंगे। इससे वहां के जो किसान हैं, वे खुशहाल हो जाएंगे और खेती के माध्यम से वे अपना प्रोडक्शन बढ़ा देंगे। इससे एग्रीकल्चर की जो ग्रोथ रेट पंजाब में है, वैसी ही राजस्थान के हमारे एरिये में हो जाएगी। अतः मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के जल संसाधन मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि अनूपगढ़ के पास, बिंजौर में बांध बनाकर इस पानी को रोकें।